विज्ञापन संख्या :- 01/BPNL/2025-26 U01407RJ2009PLC029581

**APPLY ONLINE**

# भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड
## (विपणन विभाग)

## राज्यों में कार्य विस्तार हेतु

### आवश्यकता

### 1. सूचना :-

निगम द्वारा प्रत्येक राज्य में जिला, ब्लॉक/ तहसील, ग्राम पंचायत स्तर पर **"पशु सेवा केंद्र"** खोले जाने है | इन केंद्रों के माध्यम से पशुपालकों को उत्पाद की खरीद पर नि:शुल्क एक लाख दुर्घटना बीमा उपलब्ध करवाने व निगम के उच्च स्तरीय उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निगम द्वारा निर्मित यूरिया रहित स्वदेशी फीड सप्लीमेंट कैल्शियम सीरप, मिनरल मिक्सचर व अन्य उत्पादों का विक्रय एवं निगम की अन्य योजनाओं को संचालित किया जायेगा | उपरोक्त के संचालन हेतु स्थानीय स्तर पर कार्य करने के इच्छुक कर्मठ एवं योग्य युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है |

### 2. आवेदन का तरीका :-

1. **ऑनलाइन :-** ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ पर जायें तथा Apply Online पर क्लिक करें |
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें | आवेदन भरने से पूर्व विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ लें | कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

### 3. पद का नाम/ पद संख्या/ पारिश्रमिक :-

| क्र.स. | पदनाम | मासिक वेतन (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य परियोजना अधिकारी | 75,000/- |
| 2. | जिला विस्तार अधिकारी | 50,000/- |
| 3. | तहसील विकास अधिकारी | 40,000/- |
| 4. | पंचायत पशु सेवक | 28,500/- |

आवेदक विज्ञापित एक से अधिक पदों के लिए अलग - अलग आवेदन प्रस्तुत करे रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |

**नोट:- पदों की राज्यवार संख्या के लिए आवेदन पत्र के पृष्ठ संख्या 8 पर जायें।**

☆उपर्युक्त मासिक वेतन / लाभ आपके कुल लक्ष्य के अनुसार आंकलित किया गया है | लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|

☆उपर्युक्त मासिक वेतन के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता देय नहीं होगा |

**नोट:-** निगम में 2 साल कार्यकाल पूरा होने के बाद विशेषाधिकार के रूप में यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता,आवास भत्ता आदि नियमानुसार दिया जाएगा।

## 4. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र.स. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य परियोजना अधिकारी | • भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय/ संस्था से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर \| (Mvsc/MBA/CS/CA/M.tech/M.sc) |
| 2. | जिला विस्तार अधिकारी | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में स्नातक \| |
| 3. | तहसील विकास अधिकारी | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण \| |
| 4. | पंचायत पशु सेवक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 10वीं उत्तीर्ण \| |

**अन्य योग्यताऐं :-**

1) **स्वास्थ्य –** निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए |
2) **चरित्र** - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |
3) **अनुभव** -निगम द्वारा उपरोक्त पदों हेतु मार्केटिंग क्षेत्र में रूचि रखने वाले अनुभवी आवेदक को वरीयता दी जायेगी।

**विशेष**:- उपर्युक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है, उम्मीदवार को चुनाव किए गए क्षेत्र में ही नियुक्ति का अवसर प्रदान किया जाएगा |

## 5. आयु सीमा :-

| क्र.स. | पदनाम | आयु सीमा ( वर्षो में) |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य परियोजना अधिकारी | 40-65 |
| 2. | जिला विस्तार अधिकारी | 25-40 |
| 3. | तहसील विकास अधिकारी | 21-40 |
| 4. | पंचायत पशु सेवक | 18-40 |

**नोट :- आयु सीमा की गणना आवेदन करने की दिनांक के अनुसार की गयी है |**

## 6. आवेदन अंतिम तिथि : -

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

**दिनांक 11 मई 2025 रात्रि 12:00 बजे तक |**

## 7. आवेदन शुल्क :-

| क्र.स. | पदनाम | वर्ग | आवेदन शुल्क(रुपयों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य परियोजना अधिकारी | सभी वर्गों के लिये | 1534/- |
| 2. | जिला विस्तार अधिकारी | सभी वर्गों के लिये | 1180/- |
| 3. | तहसील विकास अधिकारी | सभी वर्गों के लिये | 944/- |
| 4. | पंचायत पशु सेवक | सभी वर्गों के लिये | 708/- |

☆ भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |
☆ निगम निजी क्षेत्र में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है आवेदन शुल्क सभी वर्गो के लिये समान है किसी भी प्रकार की छूट नहीं है |
☆ आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय अर्थात वापसी देय नहीं है |

## 8. पद अनुसार लक्ष्य, कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ :-

<table>
<tr><th>क्र.स.</th><th>पदनाम</th><th>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>मुख्य परियोजना अधिकारी</td><td>
<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u><br>
❖ जिला स्तर पर जिला विस्तार अधिकारी के माध्यम से डीलर कार्यालय स्थापित करना |<br>
❖ आपका दायित्व 10 जिलों को नियंत्रण एवं उन जिलों में बिक्री सुनिश्चित करना।<br>
❖ पशु सेवा केंद्र का समुचित प्रबंधन व संचालन करना |<br>
❖ सभी 10 जिलों के डीलर एवं जिला विस्तार अधिकारी के माध्यम से निगम की दी गई उत्पाद सूची के अनुसार उत्पादों की लक्ष्यानुसार मासिक 5 करोड़ की बिक्री सुनिश्चित करना<br>
<br>
नोट:- निगम की उत्पाद सूची देखने के लिए आवेदन पत्र के पृष्ठ संख्या 8 का निरीक्षण करें।<br>
✶ <u>वर्ष के किसी भी माह में 6 करोड़ की बिक्री करने पर एक चौपहिया वाहन उपहार स्वरूप देय होगा।</u><br>
<u>अधिकार</u><br>
❖ मुख्य परियोजना अधिकारी के अधीन 10 जिला विस्तार अधिकारी होंगे |<br>
❖ मुख्य परियोजना अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ जिला विस्तार अधिकारी नियुक्त किये जा सकेंगे |<br>
<u>कर्तव्य</u><br>
❖ क्षेत्र में जिला विस्तार अधिकारी नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य मुख्य परियोजना अधिकारी द्वारा पूरा किया जाएगा |<br>
❖ सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना |<br>
❖ केंद्र पर दिये गये लक्ष्यानुरूप कार्य हो ये सुनिश्चित करना |<br>
❖ समस्त प्रकार के खर्चो पर नियंत्रण करना |<br>
❖ निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |<br>
❖ अन्य आदेशित कार्य आवश्यक रूप से करना |<br>
<br>
<u>आपके लाभ :-</u><br>
❖ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 75,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी |<br>
❖ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 10,000/- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा | लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा |
</td></tr>
</table>

BPNL उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

| | | |
|---|---|---|
| 2. | जिला विस्तार अधिकारी | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>❖ जिले में ब्लॉक स्तर पर डीलर कार्यालय स्थापित कर पशु सेवा केंद्र की स्थापना करना \|<br>❖ पशु सेवा केंद्र का समुचित प्रबंधन व संचालन करना \|<br>❖ सभी 5 तहसील के डीलर एवं तहसील विकास अधिकारी के माध्यम से निगम की दी गई उत्पाद सूची के अनुसार उत्पादों की लक्ष्यानुसार मासिक 50 लाख की बिक्री सुनिश्चित करना<br><br>**नोट:- निगम की उत्पाद सूची देखने के लिए आवेदन पत्र के पृष्ठ संख्या 8 का निरीक्षण करें।**<br><br>✶ ***<u>वर्ष के किसी भी माह में एक करोड़ की सेल करने पर 25 ग्राम सोना उपहार में देय होगा।</u>***<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>❖ मुख्य परियोजना अधिकारी के अधीन निर्देशों की पालना करना \|<br>❖ निगम/ मुख्य परियोजना अधिकारी को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना \|<br>**<u>अधिकार</u>**<br>❖ जिला विस्तार अधिकारी के अधीन 5 तहसील विकास अधिकारी होंगे \|<br>❖ जिला विस्तार अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ तहसील विकास अधिकारी नियुक्त किये जा सकेंगे \|<br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>❖ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 50,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>❖ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 5000/- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा \| |
| 3. | तहसील विकास अधिकारी | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>❖ जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर डीलर कार्यालय स्थापित कर पशु सेवा केंद्र की स्थापना करना \|<br>❖ पशु सेवा केंद्र का समुचित प्रबंधन व संचालन करना \|<br>❖ सभी 5 ग्राम पंचायतो के डीलर एवं पशु सेवक के माध्यम से निगम की दी गई उत्पाद सूची के अनुसार उत्पादों की लक्ष्यानुसार मासिक 10 लाख रूपये की बिक्री सुनिश्चित करना \|<br>❖<br>**नोट:- निगम की उत्पाद सूची देखने के लिए आवेदन पत्र के पृष्ठ संख्या 8 का निरीक्षण करें।**<br><br>✶ ***<u>वर्ष के किसी भी माह में 25 लाख रूपये तक की मासिक सेल पर एक बाइक फ्री दिया जायेगा।</u>***<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>❖ जिला विस्तार अधिकारी के अधीन निर्देशों की पालना करना \|<br>❖ निगम/ केन्द्र विस्तार अधिकारी को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना \|<br>**<u>अधिकार</u>**<br>❖ तहसील विकास अधिकारी के अधीन 5 पंचायत पशु सेवक होंगे \|<br>❖ तहसील विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ पंचायत पशु सेवक नियुक्त किये जा सकेंगे \|<br><br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>❖ आपका मासिक वेतन 40,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>❖ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 4000 /- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा\| |

BPNL उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

| 4. | पंचायत पशु सेवक | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>❖ जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर डीलर कार्यालय स्थापित कर पशु सेवा केंद्र की स्थापना करना \|<br>❖ पशु सेवा केंद्र का समुचित प्रबंधन व संचालन करना \|<br>❖ डीलर एवं स्वयं के माध्यम से ग्राम पंचायत में निगम की दी गई उत्पाद सूची के अनुसार उत्पादों की लक्ष्यानुसार मासिक 2 लाख रूपये की बिक्री सुनिश्चित करना \|<br><br>**नोटः- निगम की उत्पाद सूची देखने के लिए आवेदन पत्र के पृष्ठ संख्या 8 का निरीक्षण करें।**<br><br>✶ ***<u>वर्ष भर में किसी एक माह में दस लाख रुपये की मासिक सेल पर विदेश यात्रा मुफ्त दी जाएगी या तीन माह में लगातार 5 लाख की मासिक सेल पर विदेश यात्रा फ्री।</u>***<br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>❖ तहसील विकास अधिकारी के अधीन निर्देशों की पालना करना \|<br>❖ निगम/ तहसील विकास अधिकारी को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना \|<br><br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>❖ आपका मासिक वेतन 28,500/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>❖ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 3000 /- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा |
|---|---|---|

**<u>नोट (1)</u> :-** किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का विज्ञापन, प्रचार - प्रसार सामग्री एवं अन्य स्टेशनरी का खर्चा निगम की अनुमति के बिना देय नहीं होगा | अतः उपरोक्त पर किसी भी तरह का खर्चा करने से पूर्व निगम से लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है | बिना अनुमति के किये गये व्यय की जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारी की होगी |

**<u>नोट (2)</u> :-** निगम की उत्पाद सूची के अनुरूप मासिक लक्ष्य मुख्य परियोजना अधिकारी, जिला विस्तार अधिकारी, तहसील विकास अधिकारी व पंचायत पशु सेवक को आपसी समन्वय से मिलकर पूरा करना होगा | लक्ष्य की प्राप्ति पर मासिक वेतन का पूरा भुगतान किया जायेगा, लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करने पर प्राप्त लक्ष्य के अनुसार सभी को आनुपातिक भुगतान किया जायेगा |

**<u>विशेष</u> :-**

1. लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|
2. अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा **2.5 लाख रु.** का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |
3. निगम के उत्पाद में से किसी भी 5 लीटर का एक उत्पाद खरीदने पर 1 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा देय होगा।

## 9. <u>चयन प्रक्रिया :-</u>

(क).सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जाँच की जायेगी |
**विशेषः-** आवेदक आवेदन पत्र में स्वयं का मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी भरें | गलत मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा |
(ख) आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा (Online Exam) की सूचना आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेजी जाएगी | **ऑनलाइन परीक्षा की तिथि व समय विज्ञापन की अंतिम तिथि से एक माह के बाद आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजी जायेगी |**

(ग) ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को ईमेल के द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्धारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से निगम के पते पर भेजना होगा। उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा व आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा |

**विशेष :-** निगम द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजे जाने सम्बंधित ईमेल में दिए गये सभी निर्देशों को आवेदक द्वारा अच्छी तरह पढ़ एवं समझ कर कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेजना आवश्यक है यदि किसी आवेदक द्वारा गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र भेजा जाएगा तो, गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र को निगम द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा व साक्षात्कार की सूचना नहीं भेजी जायेगी |

(घ) जिन आवेदकों द्वारा निगम से भेजा गया कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में भेजा जायेगा केवल उन्ही आवेदकों को साक्षात्कार के लिये ईमेल के माध्यम से बुलावा भेजा जायेगा | साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी |

(ड़) साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना निगम द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी | यह प्रशिक्षण जयपुर /लखनऊ में होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा | प्रशिक्षण में होने वाला शेष व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा |

(च) अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा 2.5 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

| क्र.स. | पदनाम | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार परीक्षा | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य परियोजना अधिकारी | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 2. | जिला विस्तार अधिकारी | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 3. | तहसील विकास अधिकारी | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 4. | पंचायत पशु सेवक | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |

- आवेदक द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये दोनों में अलग अलग 50% अंक लाना अनिवार्य है |
- ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस व ऑनलाइन परीक्षा की विस्तृत जानकारी साथ में संलग्न है | आवेदक इसको ध्यानपूर्वक पढ़े व उसी अनुसार तैयारी करें |

## 10. परीक्षा का स्थान :-

निगम द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जायेगी | आवेदक यह परीक्षा किसी भी कम्प्यूटर सेंटर, साइबरकैफ़े, लैपटॉप के माध्यम से किसी भी स्थान से दे सकते है | इस परीक्षा के लिये निगम द्वारा कोई भी परीक्षा केंद्र व प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा, ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदकों को एक लिंक उनकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजा जायेगा। अधिक जानकारी साथ में संलग्न सिलेबस में दी गयी है उसको ध्यानपूर्वक पढ़े |

## 11. आवेदन प्रक्रिया :-

1.ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ पर जाये तथा Apply Online पर क्लिक करें |
2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन (Vacancy PDF) / नियम व शर्तों को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।
3. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें|
4. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरे |
**नोट :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे |**
**5.** ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है | आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |
6. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें | आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |
7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा ईमेल आईडी के माध्यम से आवेदक को भेजी जायेगी | अतः आवेदक अपनी ईमेल आईडी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ईमेल आईडी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

## 12. स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देश:-

### 1. फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश :-

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है |
- आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी होगी, मोबाइल और अन्य स्व रचित फोटो का उपयोग न करें |
- फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 55 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए |
- यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है, लेकिन चश्मे पर चमक (फ़्लैश) नहीं होनी चाहिए|
- आवेदक की फोटो में काला या धुप का चश्मा नहीं होना चाहिए |
- फोटो जेपीईजी(JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए |
- फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है|

### 2. हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश:-

- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा |
- केवल जेपीईजी(JPEG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा |
- फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है |

## 13. सामान्य जानकारी :-

1. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड एक निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है जिसकी स्थापना सन 2009 में की गयी थी | भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड के प्रशिक्षण साझेदार जो राजस्थान एवं भारत सरकार के उपक्रम रहे हैं, जैसे-
    - **RSLDC (राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, राजस्थान सरकार)**
    - **ASCI (भारतीय कृषि कौशल परिषद, भारत सरकार)**
    - **NSDC (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारत सरकार )**
    - **VSU (विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, राजस्थान सरकार)**
    - **OICL (ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भारत सरकार)**
2. निगम के बारे में अधिक जानकारी के लिये निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाये, अथवा निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल व यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें | अन्य किसी भी इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब के माध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिये भारतीय पशुपालन निगम जिम्मेदार नहीं होगा | निगम हेल्पलाइन न. 0141- 2202271, 9351899199 (सोमवार से शनिवार , सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक )
3. प्रत्येक पद हेतु आवेदन अलग - अलग करने होंगे |
4. आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय है अर्थात वापसी देय नहीं है |
5. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है |
6. निगम द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे | अपूर्ण रहे आवेदनों को निगम द्वारा अस्वीकार कर सूचना ईमेल आईडी अथवा डाक से भेजी जाएगी, एवं आवेदन निरस्त कर अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा | आवेदन पत्र में ईमेल आईडी ( स्वयं की ) लिखना अनिवार्य है | आवेदक द्वारा गलत ईमेल आईडी लिखना अथवा निगम द्वारा भेजी गई ईमेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, एवं इस सम्बन्ध में निगम द्वारा कोई भी वाद- विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा |
7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा डाक अथवा ईमेल आईडी के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी | अतः आवेदक आपकी डाक का पता एवं ईमेल आईडी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ईमेल आईडी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

**14. <u>उत्पाद ट्रांसपोर्ट सम्बंधित नियम :-</u>**निगम के उत्पाद का ट्रांसपोर्ट का खर्चा निगम द्वारा वहन किया जायेगा | उपरोक्त संबंध में अधिक सहायता के लिये आप नीचे दिए गए हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

हेल्पलाइन नम्बर – 0141-2202271 (सोमवार से शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)
**<u>विशेष</u>** :- डीलर/ कर्मचारी/अधिकारी द्वारा निगम के उत्पाद मंगवाने के लिये उत्पाद का अग्रिम भुगतान करना होता है | जमा की गई राशि के एवज में उत्पाद भेजें जायेगे |
**<u>नोट :-निगम द्वारा किसी भी तरह की अग्रिम सुरक्षा राशि नहीं ली जाती है |</u>**

**15. <u>पशु सेवा केन्द्र :-</u>** पशुपालन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए "पशु सेवा केंद्र" की स्थापना की जा रही है जहां निगम द्वारा प्रशिक्षित एवं भारत सरकार से प्रमाणपत्र धारी पशु स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (AHW) को ग्राम पंचायत स्तर पर पशु सेवा एवं कृत्रिम गर्भाधान केंद्र का संचालन सौंपा जाता है | इन्ही केन्द्रों के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान एवं प्राथमिक पशु चिकित्सा सेवा भी दी जाती है | ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन करने वाले व्यक्ति को , पशुपालन के जरिये आर्थिक उन्नति किये जाने के लिए स्थापित किये जाने वाले बहुउद्देशीय केंद्र है यह केंद्र ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किए जाते है|
https://bharatiyapashupalan.com/Home/DelearShip

https://bharatiyapashupalan.com/Home/DelearShipDudhDhara

| क्र. सं | निगम की उत्पाद सूची |
|---|---|
| 1 | मिनरल मिक्सचर |
| 2 | ए.जी. मिन फोर्ट |
| 3 | चिलेटेड दूधधारा केल्शियम |
| 4 | गोल्ड दूधधारा केल्शियम |
| 5 | Vet 52 |

**State wise Post Details**

| Sr. No. | State Name | Chief Project Officer | District Extension Officer | Tehsil Development Officer | Panchayat Pashu Sevak |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Uttar Pradesh | 7 | 70 | 350 | 1750 |
| 2 | Madhya Pradesh | 5 | 50 | 250 | 1250 |
| 3 | Rajasthan | 4 | 40 | 200 | 1000 |
| 4 | Chhattisgarh | 3 | 30 | 150 | 750 |
| 5 | Bihar | 3 | 30 | 150 | 750 |
| 6 | Jharkhand | 2 | 20 | 100 | 500 |
| 7 | Haryana | 2 | 20 | 93 | 465 |
| 8 | Punjab | 2 | 20 | 97 | 485 |
| 9 | Gujarat | 3 | 30 | 150 | 750 |
| 10 | Maharashtra | 3 | 30 | 150 | 750 |
| 11 | Himachal Pradesh | 1 | 10 | 50 | 250 |
| 12 | Uttarakhand | 1 | 10 | 50 | 250 |
| 13 | Karnataka | 3 | 30 | 122 | 535 |
| 14 | odisha | 3 | 30 | 114 | 490 |
| 15 | Andhra Pradesh | 2 | 20 | 95 | 401 |

**<u>विशेष:- कृपया सम्पूर्ण जानकारी के लिए निगम की वेबसाइट को एवं आवेदन में दिए गए पदों के नियम शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।</u>**

# कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस , स्कीम व पैटर्न (मुख्य परियोजना अधिकारी,जिला विस्तार अधिकारी, तहसील विकास अधिकारी, पंचायत पशु सेवक)

- ऑनलाइन परीक्षा में पूछे जाने वाले कुल प्रश्नों की संख्या - 50
- सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रकार के होंगे।
- परीक्षा का समय 30 मिनट का होगा। परीक्षा के समय एवं दिनाँक की सूचना आवेदक को उसकी रजिस्टर्ड ईमेल पर भेजी जाएगी।
- प्रत्येक सही उत्तर के लिये एक अंक दिया जायेगा। गलत उत्तर पर कोई भी Negative Marking नहीं होंगी। अतः आवेदक सभी प्रश्नो का उत्तर अनिवार्य रूप से दे।
- परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये आवेदक को 50 % अंक लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में Qualifying/Passing Marks में किसी भी प्रकार से कोई भी छूट व आरक्षण नहीं हैं।

## ऑनलाइन परीक्षा का तरीका : -

- ऑनलाइन परीक्षा के लिये आवेदकों को एक लिंक भेजा जायेगा। यह लिंक आवेदक को परीक्षा की दिनांक से ठीक दो दिन पहले आवेदक की ईमेल पर भेजा जायेगा। परीक्षा के समय से 15 मिनट पहले यह link Activate होगा। परीक्षा शुरू होने के समय से 15 मिनट पहले ही परीक्षा लिंक पर क्लिक कर आवेदक को सभी औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। आवेदक को परीक्षा देने के लिये निम्न लिंक पर क्लिक करना होगा। लिंक पर क्लिक करने के बाद आवेदक को रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालना होगा। रजिस्ट्रेशन नम्बर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर आवेदक के आवेदन पत्र में दिया गया हैं। परीक्षा लिंक के साथ भी आवेदक को रजिस्ट्रेशन नंबर व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर भेजा जायेगा।
  **नोट** :- ऑनलाइन परीक्षा लिंक भेजे जाने सूचना बाबत एक टेक्स्ट SMS आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी भेजा जायेगा|
- सबमिट करने के बाद ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित सभी निर्देश स्क्रीन पर आ जायेंगे । आवेदक इन सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़े।
- आवेदक को परीक्षा देने से पूर्व हिंदी व अंग्रेजी में से एक भाषा का चुनाव करना होगा। हिन्दी व अंग्रेजी दोनों विषयों के अलावा सभी विषयों के प्रश्न हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओ में होंगे। यदि प्रश्न पत्र के हिंदी भाग में कोई त्रुटि है जैसे टाइपिंग त्रुटि या फ़ॉन्ट आदि की गलती है तो अंग्रेजी भाग में वक्त किये जाने वाले अर्थ को वरीयता दी जाएगी। इसका अर्थ है कि यदि हिंदी और अंग्रेजी के प्रश्नो में कोई अतंर है तो अंग्रेजी में अर्थ को वैध माना जायेगा।

## ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित विशेष जानकारी :-

- परीक्षा के दौरान किसी भी अनुचित सामग्री का उपयोग व नक़ल न करें।
- परीक्षा शुरू होने के बाद व समाप्त होने के बीच के समय में आवेदक द्वारा अपनी सीट नहीं छोड़ी जानी चाहिये।
- परीक्षा के दौरान आवेदक के कंप्यूटर अथवा लैपटॉप में कोई तकनीकी की कमी अथवा Power Failure से System बंद हो जाता है। तो निगम उसके लिये जिम्मेदार नहीं होगा। अतः आवेदक को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले कंप्यूटर/लैपटॉप/मोबाइल की जाँच कर ले और Power Backup रखें।
- आवेदक परीक्षा शुरू होने से पूर्व रफ़ कार्य के लिये पेपर व पेन अपने पास रखे।
- ऑनलाइन परीक्षा के लिये निम्न तकनीकी का कम्प्यूटर व लैपटॉप में होना आवश्यक होगा:-

- ✓ Desktop –Windows 2007 & Above
- ✓ Browser – Google Chrome
- ✓ Internet – 4G Speed
- ✓ Complete Network/Signal

## परीक्षा का परिणाम :-

- आवेदक द्वारा दी गयी परीक्षा का परिणाम परीक्षा के सबमिट होने के बाद कंप्यूटर/लैपटॉप की स्क्रीन पर आ जायेगा।
- आवेदक द्वारा परिणाम का प्रिंट लिया जा सकेगा |
- आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल पर परिणाम से सम्बंधित ईमेल भेजा जायेगा। आवेदक अपना परिणाम व आगे की सूचना ईमेल पर भी देख सकता है

## ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस

| परीक्षा की स्कीम | | | |
|---|---|---|---|
| **विषय** | **अधिकतम अंक** | **प्रश्न** | **समय** |
| हिन्दी | 08 | 08 | 30 मिनट |
| अंग्रेजी | 08 | 08 | |
| गणित | 08 | 08 | |
| तार्किक क्षमता | 08 | 08 | |
| दैनिक विज्ञान | 08 | 08 | |
| कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त | 10 | 10 | |

**नोट :-**

1. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। व समान अंक के होंगे।
2. गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंकन नहीं है।

## 1. हिन्दी

- ➢ अलंकार – परिच
- ➢ विलोम शब्द
- ➢ मुहावरे
- ➢ समास
- ➢ शुद्ध वर्तनी
- ➢ वाक्यांश के लिए एक शब्द

BPNL उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## 2. अंग्रेजी

- Antonyms
- Synonyms
- Sentence Completion

## 3. गणित

- सरलीकरण
- लाभ और हानि
- समय और दूरी
- प्रतिशत
- समय और काम
- औसत

## 4. तार्किक क्षमता

- Directions
- Calendar
- Coding Decoding
- Analogy

## 5 दैनिक विज्ञान

- पौधों में प्रजनन
- रासायनिक यौगिक
- आवर्त सारणी
- शुरू में जीव
- जीव विज्ञान - मूल बातें
- पौधों और उनकी संरचना
- एपिडर्मल कोशिकाएं
- महत्वपूर्ण तत्व
- विज्ञान की शाखाएँ - मूल बातें

BPNL उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

# 6. कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त

- नेटवर्क प्रौद्योगिकी
- वर्ल्ड वाइड वेब
- हार्डवेयर
- एमएस ऑफिस
- सॉफ्टवेयर
- इंटरनेट प्रौद्योगिकी
- की बोर्ड के फंक्शन

**Syllabus, Scheme and Pattern of Computer Based Online Examination**

- Total Number of Questions – 50
- Pattern of Questions - Objective Type
- Duration – 30 Minutes (Information of Exam date and timing will be sent of registered email of candidate)
- Reporting Time – Just before 15 Minutes of Exam Time
- Every Question is of 1 mark.
- No negative marking on Wrong Answer, hence, it is advised to attempt all 50 questions.
- Qualifying/Passing marks is 50%. There is no relaxation or reservation in passing marks. All candidates need to get 50% for qualifying/passing the examination.

**Process of Computer Based online examination**

- A link will be sent on email of the Candidate 2 days prior to the examination date. The link will be activated 15 minutes before the Scheduled time of Examination.
  **Note** :- A text SMS will also be sent to the registered mobile number of the applicant regarding the sending of the online examination link.
- Candidates are advised to click on the examination link to complete all the steps before Exam Start time.
- After clicking on the link, the candidate has to enter their registration number and registered mobile number, then submit.
- On submitting the registration number and registered mobile number, The instructions to start and finish the exam will appear on the screen. Candidates are advised to read all the instructions carefully.
- Candidate has to choose one language out of Hindi and English before the exam.
- Questions of all subjects except hindi and English subjects will be in both languages.

- During the exam, if you come across any errors in hindi language paper, candidates are allowed to change the language to hindi.

- If there is any error in Hindi part of the question paper like a typing error or mistake of the font etc. then preference will be given to the meaning being expressed in the English part. It means that in case there is a difference in the hindi and English questions the meaning in English will be held valid.

**Important Information:**

- Please avoid any malpractice as this might affect your candidature.
- Candidates will not be allowed to vacant his/her seat during the examination.
- Any technical mistake in computer/laptop and power failure during examination is the sole responsibility of the candidate. Online exam will be terminated on any abruptions during the Exam for the reasons given earlier. Hence, candidates are required to check all the systems and keep power backup before beginning the exam.
- Candidates need to keep pen and paper for rough work.
- Browser/OS Requirements – This examination is supported by below listed browser/version only –
  - ✔ Google Chrome
  - ✔ Desktop- Windows 2007 and above
  - ✔ Internet – 4G Speed
  - ✔ Complete Signal/Network in Computer/ Laptop

**Result of Examination**:

- The result will appear on the candidate's laptop/computer once the exam is over or submitted by the candidate.
- Candidates can take the printout of the examination result.
- Candidates can check their result on their registered email ids and will also be notified about the further steps if qualified/passed the exam.

**<u>Syllabus of Computer Based Online Examination</u>**

| **Scheme of Examination** | | | |
|---|---|---|---|
| **Subject** | **Maximum Marks** | **No. of Questions** | **Timing** |
| Hindi | 08 | 08 | 30 Minutes |
| English | 08 | 08 | |
| Mathematics | 08 | 08 | |
| Reasoning Ability | 08 | 08 | |
| Daily Science | 08 | 08 | |
| Basics principle of Computer | 10 | 10 | |

**Note :-**

1. Objective Types Questions and Each Question will carry equal Mark
2. No negative marking on Wrong Answer

उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## 1. Hindi

- अलंकार – परिचय
- विलोम शब्द
- मुहावरे
- समास
- शुद्ध वर्तनी
- वाक्यांश के लिए एक शब्द

## 2. English

- Antonyms
- Synonyms
- Sentence Completion

## 3. Mathematics

- Simplification
- Profit and Loss
- Time and Distance
- Percentage
- Time and WorkAverage

## 4. Reasoning Ability

- Directions
- Calendar
- Coding Decoding
- Analogy

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## 5. Daily Science

- Reproduction in Plants
- Chemical Compounds
- Periodic Table
- Organisms in the Beginning
- Biology - Basics
- Plants and Their Structure
- Epidermal Cells
- Important Elements
- Branches of Science – Basics

## 6. Basic Principle of Computer

- Network Technology
- World Wide Web
- Hardware
- MS Office
- Software
- Internet Technology
- Functions of Keyboard

**APPLY ONLINE**

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत